आकाशवाणी शिमला
07.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार''

- **मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों के लिए सीनियर रेजिडेंटशिप पॉलिसी लाएगी सरकार।**
- **प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा–विकसित भारत जी राम जी योजना बदलेगी ग्रामीण भारत की तस्वीर।**
- **नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने जे.एन.यू में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ नारेबाजी को बताया वामपंथी और कांग्रेस की हताशा।**
- **प्रदेश हाईकोर्ट में पंचायत और स्थानीय शहरी निकाय चुनावों को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई पूरी–फैसला सुरक्षित।**
- **प्रदेश में ठंड का प्रकोप जारी– 13 जनवरी तक शुष्क रहेगा मौसम।**

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य के सभी मैडिकल कॉलेजों के लिए सीनियर रेजिडेंटशिप पॉलिसी बनाएगी। इस पॉलिसी के तहत सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों के पदों का युक्तिकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में स्वास्थ्य शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सीनियर रेजिडेंटशिप में जीडीओ डॉक्टरों का कोटा बढ़ाकर 66 प्रतिशत किया जाएगा। अभी इसका अनुपात जीडीओ व सीधी भर्ती द्वारा 50 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंबा–नाहन–हमीरपुर और नेरचौक मैडिकल कॉलेजों में नए विषयों में एम डी और एम.एस की पढ़ाई शुरू की जाएगी इससे स्वास्थ्य क्षेत्र में आधारभूत संरचना और सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि सभी मैडिकल कॉलेजों में उच्च तकनीकयुक्त स्टेट ऑफ द आर्ट आईसीयू स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में एक हजार रोगी मित्र नियुक्त किए जाएंगे। इनमें से पांच सौ मैडिकल कॉलेजों में और पांच सौ अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में तैनात किए जाएंगे।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में पर्यटन विभाग की पहल दैट्स यू अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान राज्य की पर्यटन नीति में महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। इसके तहत पारंपरिक दर्शनीय स्थलों तक सीमित पर्यटन से आगे बढ़ते हुए स्लो टूरिजम की अवधारणा को प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये अभियान विशेष रूप से राज्य के प्रवेश द्वारों, हवाई अड्डों और हैरिटेज रेलवे स्टेशनों पर आने वाले पर्यटकों का स्वागत करने के लिए तैयार किया गया है ताकि सैलानियों और हिमालय की प्रकृति के बीच एक गहरा और व्यक्तिगत जुड़ाव स्थापित किया जा सके। उन्होंने ये भी कहा कि विभाग की ये पहल राज्य की पर्यावरणीय सेहत को लेकर प्रतिबद्धता भी दर्शाती है।

जी.राम जी

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी–जी राम जी. योजना केवल रोजगार उपलब्ध करवाने तक सीमित नही है बल्कि इस योजना के माध्यम से रोजगार को ग्रामीण विकास से जोड़ा गया है। भाजपा अध्यक्ष ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जी राम जी योजना से साल में एक सौ 25 दिन रोजगार की गारंटी मिलेगी। इससे ग्रामीण भारत की तस्वीर बदल जाएगी। इस मौके पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज और मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा व रमा ठाकुर भी मौजूद रहे।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जी राम जी योजना से हिमाचल को सबसे अधिक फायदा होगा क्योंकि इस योजना में हिमालयी राज्यों को 90 अनुपात 10 की दर से फंडिंग मिलेगी। उन्होंने ये भी कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में मनरेगा के तहत प्रदेश में 32 लाख 60 हजार रोजगार कार्य दिवस सृजित किए गए जबकि यूपीए सरकार के कार्यकाल में महज 16 लाख 52 हजार रोजगार कार्यदिवसों का ही सृजन हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सिर्फ राजनीतिक फायदे के लिए इस योजना का विरोध कर रही है।

## चंबा–कठिनाई

चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी की शौर पंचायत के उप प्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने कहा है कि पंचायत में लगभग एक हफ्ते से बीएसएनएल की मोबाईल सेवा बंद हो जाने से पंचायत के लोगों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल का नेटवर्क न होने के कारण इस पंचायत के लोग पांगी घाटी सहित देश व प्रदेश के अन्य हिस्सों से संचार सुविधा से कट गए हैं। उन्होंने बीएसएनएल प्रबंधन व पांगी घाटी प्रशासन से मांग की है कि शौर पंचायत में लगे बीएसएनएल के टॉवर को तुरंत दुरूस्त किया जाए ताकि पंचायत की जनता को संचार सुविधा मिल सके।

## जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि जेएनयू में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमितशाह के खिलाफ नारे बाजी वामपंथी और कांग्रेस की हताशा का प्रतीक है। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में कहा कि नरेन्द्र मोदी और अमितशाह देशवासियों के दिलों में बसते हैं और अपशब्द कहने वालों को अब देश जवाब देगा। उन्होंने इस घटना को सोची समझी साजिश करार दिया और कहा कि वामपंथियों और कांग्रेस ने सत्ता और जनसमर्थन से दूर होने के कारण नैतिकता, मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों को पूरी तरह से त्याग दिया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर इस प्रकार की गतिविधियां न केवल निंदनीय है बल्कि देश की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं की गरिमा को भी ठेस पहुंचाने वाली है। नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा आवासीय प्लाटों की पंजीकरण फीस में की गई वृद्धि को भी जनविरोधी करार दिया और इसे तुरंत वापिस लेने की मांग की।

## चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों तक आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए राज्य में स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ बनाने के लिए निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। चंद्र कुमार आज सिविल अस्पताल ज्वाली में डॉक्टरों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में बोल रहे थे। चंद्र कुमार ने कहा कि ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों तक आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए अस्पतालों के भवनों, मशीनरी और आधारभूत ढांचे को चरणबद्ध ढंग से उन्नत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के हर विधानसभा क्षेत्र में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान विकसित किया जा रहे हैं। इनमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती और अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही है।

## हाईकोर्ट

प्रदेश में पंचायत और स्थानीय शहरी निकाय चुनावों को लेकर प्रदेश हाईकोर्ट में जनहित याचिका पर चल रही सुनवाई आज पूरी हो गई। ये सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति रोमेश वर्मा की अदालत में हुई। इस मामले में आज वरिष्ठ अधिवक्ता श्रवण डोगरा ने सरकार का पक्ष रखा। मामले पर दोनों ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने इस संबंध में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

**भेंट**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने कहा है कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल हमारी संस्कृति से जुड़े हुए हैं। प्रोफैसर धूमल आज हमीरपुर के समीरपुर में अपने निवास स्थान पर उनसे मिलने आए हिमाचल प्रदेश कबड्डी संघ के पदाधिकारियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें सही मार्गदर्शन, संसाधन और मंच उपलब्ध कराने की है। प्रदेश कबड्डी संघ के अध्यक्ष राजकुमार निट्टू ने इस मौके पर कहा कि संघ प्रदेश भर में इस खेल को लोकप्रिय बनाने, युवाओं को नशे से दूर रखने और उभरती प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

**सैट**

राजपूत सभा हमीरपुर ने राज्य लोकसेवा आयोग द्वारा स्टेट एलिजिबिलिटी टैस्ट के लिए जारी की गई अधिसूचना का कड़ा विरोध किया है। महासभा के महासचिव जोगिंदर ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से इस मामले में तुरंत हस्ताक्षेप करने और आयोग को इस अधिसूचना को वापस लेने के आदेश जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में आवेदन फीस की राशि में जातियों के आधार पर असमानता रखी गई है जो सही नहीं है।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ बना हुआ है। पिछले कल राज्य के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हुई हल्की बर्फबारी के बाद प्रदेश में ठंड का प्रकोप और बढ़ गया है। आज प्रदेश के 15 प्रमुख स्थानों पर न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया है। ताबो आज प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान माईनस 9 दशमलव चार डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश के निचले जिलों ऊना, बिलासपुर, मंडी, हमीरपुर, कांगड़ा, सोलन व सिरमौर के कई क्षेत्रों में लोगों को सुबह–शाम घने कोहरे का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आगामी 13 जनवरी तक प्रदेश में मौसम के साफ बने रहने और मैदानी क्षेत्रों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व बागवानी व जनजातीय विकास और जनशिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को किन्नौर जिला में लंबित विकास कार्यों और शिकायतों का निवारण समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए हैं ताकि लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। नेगी आज रिकांगपिओं में जिला स्तरीय योजना, विकास और 20सूत्रीय कार्यक्रम समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और समय पर कार्य पूरा न करने वाले ठेकेदारों को तुरंत ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश भी दिए। नेगी ने अधिकारियों को श्रमिक कल्याण, खाद्य सुरक्षा, गरीबी उन्मूलन पर्यावरण संरक्षण और नशा निवारण को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**धर्माणी**

नगर नियोजन व आवास मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश की भौगोलिक स्थितियों को ध्यान में रखते हुए राज्य में सुनियोजित निर्माण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। धर्माणी ने आज शिमला में रेरा की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य में लोगों को किफायती, पर्यावरण अनुकूल और बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि रेरा रियल एस्टेट में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और संपत्ति संबंधी विवादों के निवारण में अहम भूमिका

निभाता है। धर्माणी ने कहा कि प्रदेश में रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए तकनीक के सर्वोत्तम उपयोग को बढ़ाया दिया जा रहा है।

**लखनपाल**

विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने आज अप ने चुनाव क्षेत्र बड़सर के दांदूडू एक और दांदडू दो बूथों का दौरा किया। विधायक ने इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से सीधा संवाद किया और बूथ स्तर पर संगठन की स्थिति व जनसमस्याएं सुनीं। लखनपाल ने इस दौरान भाजपा की नीतियों और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी स्थानीय लोगों के साथ साझा की। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण विकास की गति प्रभावित हुई है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा– राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों के लिए सीनियर रेजिडेंटशिप पॉलिसी लाएगी सरकार।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा–विकसित भारत जी राम जी योजना बदलेगी ग्रामीण भारत की तस्वीर।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने जे.एन.यू में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ नारेबाजी को बताया वामपंथी और कांग्रेस की हताशा।
- प्रदेश हाईकोर्ट में पंचायत और स्थानीय शहरी निकाय चुनावों को लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई पूरी–फैसला सुरक्षित।
- प्रदेश में ठंड का प्रकोप जारी– 13 जनवरी तक शुष्क रहेगा मौसम।